
# स्मार्ट मीटर के बाद बढ़े बिजली बिल

## उपभोक्ताओं का आरोप–100-500 रुपये से सीधे 1500-2000 रुपये तक पहुंचे बिल



**नवभारत/ नरसिंहपुर/ गाडरवारा।** गाडरवारा क्षेत्र में स्मार्ट मीटर लगाए जाने के बाद बिजली बिलों को लेकर उपभोक्ताओं में असंतोष बढ़ता जा रहा है। बड़ी संख्या में लोग अपनी शिकायतें लेकर बिजली विभाग के कार्यालय पहुंच रहे हैं और बढ़े हुए बिलों की जांच की मांग कर रहे हैं। उपभोक्ताओं का कहना है कि जिन परिवारों का मासिक बिजली बिल पहले सामान्यत: 100 से 500 रुपये के बीच आता था, उन्हें स्मार्ट मीटर लगाए जाने के बाद 1500 से 2000 रुपये तक के बिल मिल रहे हैं। उनका दावा है कि घरेलू बिजली खपत में कोई विशेष वृद्धि नहीं हुई, फिर भी बिलों में अचानक कई गुना इजाफा हुआ है। कुछ उपभोक्ताओं ने आरोप लगाया कि उन्हें स्मार्ट मीटर लगाने के लिए नोटिस देकर मीटर बदलने के लिए बाध्य किया गया। उनका कहना है कि मीटर बदलने के बाद ही बिलों में अप्रत्याशित बढ़ोतरी देखने को मिली है। बढ़ते बिजली बिलों से गरीब एवं मध्यमवर्गीय परिवारों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ने की बात भी सामने आ रही है।

### बिजली विभाग

उपभोक्ताओं ने मांग की है कि स्मार्ट मीटर से जुड़े बिलों की तकनीकी एवं निष्पक्ष जांच कराई जाए और यदि किसी प्रकार की त्रुटि पाई जाती है तो प्रभावित उपभोक्ताओं को राहत प्रदान की जाए। इस संबंध में बिजली विभाग के अधीक्षण यंत्री (एसई) का कहना है कि स्मार्ट मीटर विद्युत वितरण व्यवस्था को अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाने के लिए लगाए जा रहे हैं तथा उनका प्रतिस्थापन आवश्यक है।

## किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन आज

**नवभारत/ तेंदूखेड़ा।** किसान कांग्रेस के आह्वान पर किसानों की 100 प्रतिशत मूंग समर्थन मूल्य पर खरीदी तथा किसानों की विभिन्न समस्याओं के समाधान एवं अन्य प्रमुख मांगों को लेकर आज जिला किसान कांग्रेस कमेटी नरसिंहपुर के आह्वान पर गाडरवारा कृषि उपज मंडी में एस डी एम कार्यालय का घेराव किया जायेगा। जिसमें प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी पूर्व विधायक संजय शर्मा सहित जिले के वरिष्ठ नेताओं के साथ साथ जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष सुनीता पटेल जिला किसान कांग्रेस के संतोष पटेल भी उपस्थित रहेंगे। दोपहर एक बजे आयोजित इस धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में उपस्थिती की अपील ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ओमप्रकाश पटेल ने की है।

## अंतरराज्यीय चोर गिरोह गिरफ्तार, 3 लाख के जेवर बरामद

**नवभारत/गाडरवारा।** हींग बेचने की आड़ में बस यात्रियों के बैग ब्लेड से काटकर चोरी करने वाले अंतरराज्यीय शातिर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से करीब 13 ग्राम सोना एवं 300 ग्राम चांदी के जेवर, जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 3 लाख है, बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार, 28 जून 2026 को एक फरियादी ने थाना गाडरवारा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि बस स्टैंड से यात्रा के दौरान अज्ञात बदमाशों ने उसका बैग ब्लेड से काटकर उसमें रखे सोने-चांदी के जेवर चोरी कर लिए। शिकायत के आधार पर थाना गाडरवारा में धारा 305(बी) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू की गई।



### आरोपियों ने वारदातों को अंजाम देना स्वीकार किया

प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीना के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया एवं एसडीओपी गाडरवारा ललित सिंह डागुर के मार्गदर्शन में विशेष टीम गठित की गई। टीम ने तकनीकी साक्ष्यों, सीसीटीवी फुटेज, मुखबिर तंत्र और संदिग्धों की निगरानी के आधार पर जांच आगे बढ़ाई। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने कौड़िया रोड क्षेत्र में घेराबंदी कर तीन संदिग्धों को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उनके पास से चोरी गया एक सोने का हार, एक सोने की अंगूठी और एक चांदी का कमरबंद बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपियों ने बसों में यात्रा करने वाले यात्रियों के बैग काटकर चोरी की वारदातों को अंजाम देना स्वीकार किया।

### एक नजर में

#### जिले में 177 .6 मिमी अर्थात 6 .98 इंच वर्षा दर्ज

**नवभारत/ नरसिंहपुर।** नरसिंहपुर जिले में एक जून से 9 जुलाई तक की अवधि में औसत रूप से कुल 177 .6 मिमी अर्थात 6 .98 इंच वर्षा दर्ज की गयी है। 9 जुलाई की सुबह तक बीते 24 घंटे में जिले में औसतन 16 .4 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। इस दिन तहसील नरसिंहपुर में 12 मिमी, गाडरवारा में 15, गोटेगांव में 35 मिमी, करेली में 16 मिमी और तेंदूखड़ा में 4 मिमी वर्षा आंकी गई है। तहसीलदार भू-संसाधन एवं प्रबंधन से प्राप्त जानकारी के अनुसार 9 जुलाई तक तहसील नरसिंहपुर में 196 मिमी, गाडरवारा में 194 मिमी, गोटेगांव में 110 मिमी, करेली में 132 और तेन्दूखेड़ा में 256 मिमी वर्षा आंकी गई है। इसी अवधि में पिछले वर्ष जिले में औसतन 490 मिमी वर्षा हुई थी।

#### ग्राम पंचायत चांवरपाठा के नर्मदा परिक्रमा पथ पर बरसे सीड बॉल्स

**नवभारत/ नरसिंहपुर।** जिले को हरा-भरा बनाने और पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन का स्वरूप देने की दिशा में एक सराहनीय पहल के तहत कलेक्टर रजनी सिंह के निर्देशन और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत गजेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में तैयार किए गए सीड बॉल्स का ग्राम पंचायत चांवरपाठा, जनपद पंचायत चांवरपाठा द्वारा नर्मदा परिक्रमा पथ एवं गौशाला परिसर के समीप सीड बॉम्बिंग अभियान चलाकर प्रकृति को समर्पित किया गया। इस अभियान का उद्देश्य वर्षा ऋतु का अधिकतम लाभ उठाकर ऐसे क्षेत्रों में पौधों का प्राकृतिक रूप से विकास करना है, जहां नियमित वृक्षारोपण संभव नहीं हो पाता। मिट्टी और जैविक खाद से तैयार इन सीड बॉल्स में विभिन्न प्रजातियों के बीज शामिल हैं।

#### आवारा मवेशियों को पकड़ने का अभियान

**नवभारत/ नरसिंहपुर।** कलेक्टर रजनी सिंह के निर्देशन में नगर में यातायात व्यवस्था को सुगम एवं सुरक्षित बनाए रखने के उद्देश्य से आवारा मवेशियों को पकड़ने का विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान नगर पालिका एवं संबंधित विभागों की संयुक्त टीम ने शहर के प्रमुख मार्गों से आवारा घूम रहे मवेशियों को पकड़ा और उन्हें सुरक्षित रूप से गौशाला भेजा। अभियान के तहत बाहरी रोड सहित विभिन्न व्यस्त क्षेत्रों में सड़क पर विचरण कर रहे मवेशियों को रेस्क्यू किया गया। सड़क पर बैठे एवं घूम रहे मवेशियों के कारण दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है, जिसे देखते हुए यह कार्रवाई की गई। टीम ने पशुओं को सुरक्षित तरीके से नियंत्रित कर वाहनों एवं आमजन की आवाजाही को सुचारु बनाया।

#### खनिज विभाग ने सिमरिया में किया पौधरोपण

**नवभारत/ नरसिंहपुर।** पर्यावरण संरक्षण व संवर्धन के उद्देश्य से कलेक्टर रजनी सिंह के निर्देशन में जिले में व्यापक पौधरोपण के कार्य किए जा रहे है। इसी क्रम में खनिज विभाग के द्वारा जिले की सिमरिया डोलोमाइट खदान क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण एवं हरित आवरण बढ़ाने के उद्देश्य से व्यापक पौधरोपण का कार्य किया गया। निर्धारित कार्यक्रम के तहत 8 जुलाई को 150 और 9 जुलाई को 160 पौधों का रोपण किया गया। इस प्रकार दो दिनों में कुल 310 पौधों का रोपण कर खदान क्षेत्र को हरित एवं पर्यावरण अनुकूल बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। इन पौधों में आम, जामुन, अमरूद, कटहल आदि छायादार एवं फलदार पौधे शामिल हैं।

## विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन, छात्रों को बताये संविधान और कानूनी अधिकार

**नवभारत, गोटेगांव।** न्यायालय की तहसील विधिक सेवा समिति, गोटेगांव द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नरसिंहपुर के निर्देशानुसार सरस्वती विद्यालय में विद्यार्थियों के लिए विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में छात्र-छात्राओं को भारतीय संविधान द्वारा दिए गए मौलिक अधिकार और मौलिक कर्तव्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। बताया गया कि नागरिक अपने अधिकारों को कैसे सुरक्षित रख सकते हैं और उनकी रक्षा में न्यायपालिका की क्या भूमिका होती है। साथ ही सोशल मीडिया के सदुपयोग और दुरुपयोग से



### मीडिया के दुरुपयोग पर भी दी गई जानकारी

बढ़ रहे अपराधों पर भी चर्चा की गई। बच्चों को साइबर अपराध, फेक न्यूज और ऑनलाइन फ्रॉड से बचने के उपाय बताए गए। कार्यक्रम में नालसा द्वारा चलाई जा रही संवाद योजना की भी जानकारी दी गई।

## नगर पालिका सीएमओ ने किया सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण

**नवभारत, गाडरवारा।** नगर पालिका परिषद गाडरवारा की नवागत मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) ऋतु मेहरा ने गुरुवार को शहर की सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कामथ वार्ड, शहीद भगत सिंह वार्ड, चावड़ी वार्ड, राजीव वार्ड एवं शिवाजी वार्ड की स्वच्छता व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सीएमओ ने उपस्थित एवं अनुपस्थित सफाई कर्मचारियों का सत्यापन कराया तथा दैनिक उपस्थिति डायरी को नियमित एवं पूर्ण रूप से संधारित करने के निर्देश दिए। कामथ वार्ड में दो कर्मचारी अनुपस्थित पाए जाने पर उनके वेतन से कटौती करने के आदेश भी जारी किए गए। सीएमओ ने अधिकारियों



एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि किसी भी दुकान, प्रतिष्ठान अथवा मकान के सामने भवन निर्माण सामग्री या अन्य सामान सार्वजनिक स्थान पर रखे जाने की स्थिति में उसे जब्त कर नियमानुसार जुर्माने की कार्यवाही की जाए। इसके अलावा उन्होंने कचरा संग्रहण वाहनों के चालकों एवं हेल्परों को गीले और सूखे कचरे का पृथक-पृथक संग्रहण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि ठोस अपशिष्ट प्रबंधन व्यवस्था प्रभावी ढंग से संचालित हो सके। सीएमओ ने शहरवासियों से अपील करते हुए कहा कि वे अपने घरों एवं प्रतिष्ठानों से निकलने वाले गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग डस्टबिन में रखें तथा केवल नगर पालिका द्वारा संचालित कचरा संग्रहण वाहनों में ही डालें। उन्होंने नागरिकों से सार्वजनिक स्थानों एवं खुले क्षेत्रों में कचरा न फेंकने और शहर को स्वच्छ बनाए रखने में सहयोग करने का आग्रह किया।

## राज्य महिला आयोग की सदस्य साधना स्थापक ने किया आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण

**नवभारत, गाडरवारा।** मध्यप्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य (राज्य मंत्री दर्जा) साधना स्थापक ने गुरुवार को गाडरवारा विधानसभा क्षेत्र के साईंखेड़ा विकासखंड अंतर्गत ग्राम वनवारी, देवरी एवं मिढवानी में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्रों में उपलब्ध व्यवस्थाओं, बच्चों के पोषण, प्रारंभिक शिक्षा तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से संवाद कर महिलाओं एवं बच्चों को उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। साधना स्थापक ने आंगनबाड़ी केंद्रों की व्यवस्थाओं



### बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य एवं सुविधाओं पर दिया विशेष जोर

को और अधिक प्रभावी एवं सुदृढ़ बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने विशेष रूप से बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण स्तर तथा केंद्रों में संचालित नियमित गतिविधियों की सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए।

## किसानों से एक करोड़ की ठगी का बड़ा खुलासा

**नवभारत, गोटेगांव।** गोटेगांव कृषि उपज मंडी मे गोपाल एण्ड कम्पनी के नाम से फर्म चलाकर किसानों से मटर खरीदी कर लगभग एक करोड़ रुपये का भुगतान न करने के मामले में गोटेगांव थाना पुलिस ने 4 लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम सालीवाड़ा निवासी राजेन्द्र पटेल पिता देवेन्द्र पटेल, उम्र 33 वर्ष ने थाना गोटेगांव में लिखित शिकायत दी थी। शिकायत में बताया कि आरोपीगण सदीप पटेल निवासी नोन पिपरिया, गोपाल पटेल निवासी नोन पिपरिया, अमित पटेल निवासी कुर्सीवाड़ा और मनोज उर्फ धनंजय मिश्रा निवासी सिविल लाईन जबलपुर ने मिलकर गोपाल एण्ड कम्पनी, गोडाम नं. 01-02, नई मंडी गोटेगांव के नाम से फर्म बनाई थी। शिकायतकर्ता के अनुसार आरोपियों ने दिसम्बर 2025 से फरवरी 2026 के दरमियानी समय में सुबह 4 बजे से रात 11 बजे के बीच कृषि उपज मंडी गोटेगांव से किसानों से मटर खरीदी की। इसके बाद भुगतान के नाम पर किसानों को बार-बार टालते रहे। जब किसान भुगतान मांगने गए तो आरोपियों ने कहा कि पैसे आ जाएंगे, थोड़ा इंतजार करो। पीड़ति किसान का आरोप है कि आरोपियों ने वेईमानी पूर्वक एक राय होकर छलपूर्वक किसानों से लगभग एक करोड़ रुपये मूल्य की मटर हड़प ली है। गोटेगांव थाना में स्रुक्क्र क्रमांक 0453/2026 दर्ज की गई है। आरोपियों पर भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 316(2), 318(4) और 3(5) के तहत मामला दर्ज किया।




## पीएम श्री कन्या विद्यालय में 22 लाख के टीन शेड का लोकार्पण

### छात्राओं को साईकिल व मेधावी छात्राओं का सम्मान

**करेली।** करेली स्थित पीएम श्री कन्या विद्यालय में बुधवार को शिक्षा एवं आधारभूत सुविधाओं के विस्तार को लेकर आयोजित समारोह में विधायक निधि से निर्मित 22 लाख रुपये की लागत के टीन शेड का लोकार्पण पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल ने किया। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष सुशीला मामार, उपाध्यक्ष अनीता नेमा जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता, विद्यालय का स्टाफ, अभिभावक तथा बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं। इस अवसर पर शासन की छात्र हितैषी योजनाओं के तहत पात्र छात्राओं को साइकिलों का वितरण किया गया। साथ ही शिक्षा, खेलकूद, सांस्कृतिक एवं अन्य सह-शैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को प्रशस्ति-पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। अतिथियों ने छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें अनुशासन, परिश्रम और लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने का संदेश दिया इस अवसर पर संबोधित करते हुए पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल ने कहा कि पिछले चार वर्षों से बोर्ड परीक्षाओं में नरसिंहपुर जिला पूरे मध्यप्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त कर रहा है। यह उपलब्धि जिले के विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों की मेहनत, समर्पण और बेहतर शैक्षणिक वातावरण का परिणाम है। उन्होंने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए विद्यालयों में बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना आवश्यक है और इसी उद्देश्य से विकास कार्य निरंतर किए जा रहे हैं उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के बीच आकर उनसे संवाद करना और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए किए जा रहे प्रयासों का हिस्सा बनना सदैव प्रेरणादायक अनुभव होता है। शिक्षा ही समाज और राष्ट्र निर्माण का सबसे सशक्त माध्यम है तथा हर बच्चे को आगे बढ़ने के समान अवसर मिलना चाहिए।




## चढ़ार समाज की सामाजिक एवं संगठनात्मक बैठक 12 जुलाई को

**नवभारत/ तेंदूखेड़ा।** आगामी 12 जुलाई को अखिल भारतीय सर्व चड़ार समाज सभा की आवश्यक बैठक समाज के संगठनात्मक सुदृढ़ीकरण एवं सामाजिक विकास के उद्देश्य से श्री मारुति सेवा आश्रम उत्तर तट सत्धारा बरमान में आयोजन किया जा रहा है।इस बैठक में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री तुलाराम अठ्या प्रदेश अध्यक्ष दीपचंद चड़ार सहित प्रदेश एवं जिला स्तर के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे।इस बैठक में नरसिंहपुर जिले में ब्लॉक स्तर पर संगठन विस्तार की कार्य योजना जिला कार्यकारिणी की घोषणा एवं संगठनात्मक गठन समाज की शिक्षा संगठन एवं स्वाभिमान से जुड़े विषयों पर चर्चा युवा एवं महिला इकाइयों के गठन पर विचार विमर्श सामाजिक शैक्षणिक एवं संगठनात्मक मुद्दों पर सुझाव एवं निर्णय लिये जायेंगे। हमारे प्रतिनिधि को राजेश चढ़ार ने जानकारी देते हुए बताया कि दोपहर 12 बजे से आयोजित होने वाली इस बैठक में जिला सहित आसपास के सभी जिलों के समाज बंधु अधिक सेअधिक संख्या में उपस्थित होकर संगठन को मजबूत बनाने के इस प्रयास को सफल बनाएं तथा समाज के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में अपनी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करें।

## महाकौशल के किसानों ने केंद्र और राज्य सरकार से लगाई गुहार

### 1.25 क्विंटल खरीदी सीमा अन्यायपूर्ण

**नवभारत, गोटेगांव।** भोपाल मध्य प्रदेश के महाकौशल क्षेत्र के किसान ग्रीष्मकालीन मूंग और उड़द की समर्थन मूल्य पर खरीदी को लेकर परेशान हैं। किसानों ने केंद्रीय कृषि मंत्री और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर खरीदी में आ रही 4 प्रमुख समस्याओं के समाधान की मांग की है। किसानों का कहना है कि वर्तमान में फसल कटकर तैयार है, लेकिन शासन की नीतियों के कारण किसान अपनी उपज बेचने में असमर्थ हैं। वर्तमान में ग्रीष्मकालीन मूंग की खरीदी मात्र 1.25 क्विंटल प्रति एकड़ निर्धारित की गई है। जबकि वास्तविक उत्पादन 4 से 5 क्विंटल प्रति एकड़ होता है। मांग- खरीदी की सीमा बढ़ाकर न्यूनतम 5 क्विंटल प्रति एकड़ की जाए। किसानों का आरोप है कि खरीदी केंद्र उनकी सुविधा के अनुसार नहीं बनाए गए हैं, जिससे उन्हें परेशानी हो रही है। मांग, खरीदी केंद्र किसान भाईयों की सुविधा अनुसार बनाए जाएं। पंजीयन से वंचित किसानों को मौका मिले जिन किसानों की गिरदावरी/ पंजीयन नहीं हो पाया है वे खरीदी से वंचित रह जा रहे हैं। ट्टमांगन्ट्ठ ऐसे किसानों के लिए पंजीयन की एक तिथि निर्धारित कर पंजीयन कराया जाए। मांग- किसान भाईयों की ट्ट100 प्रतिशत मूंग एवं उड़द समर्थन मूल्य पर उपार्जनट्ठ करने की स्वीकृति दी जाए।



## दृढ़ संकल्प, समयबद्ध अध्ययन और तनाव प्रबंधन से ही मिलेगी सफलता : डीईओ

**नवभारत, नरसिंहपुर।** शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर में जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. अनिल कुशवाहा ने कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं के विद्यार्थियों के लिए आयोजित उन्मुखीकरण कार्यक्रम में सहभागिता करते हुए सकारात्मक शैक्षणिक संवाद स्थापित किया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों को लक्ष्य आधारित अध्ययन, समय प्रबंधन एवं तनाव नियंत्रण के महत्व पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया। डीईओ डॉ. कुशवाहा ने कहा कि परीक्षा में उत्कृष्ट सफलता केवल अधिक समय तक पढ़ाई करने से नहीं, बल्कि सही योजना, निरंतर अभ्यास, आत्मविश्वास और मानसिक संतुलन से प्राप्त होती है। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित समय-सारणी बनाने, दैनिक लक्ष्य निर्धारित करने, विषयवार रणनीति तैयार करने तथा प्रतिदिन अध्ययन की समीक्षा करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि यदि विद्यार्थी प्रारंभ से ही योजनाबद्ध तरीके से अध्ययन करें, तो सफलता निश्चित रूप से प्राप्त होगी। उन्मुखीकरण कार्यक्रम में उन्होंने छात्र जीवन में आने वाली चुनौतियों, एकाग्रता में बाधा बनने वाले कारणों एवं परीक्षा के तनाव पर भी विस्तार से चर्चा की। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि चुनौतियां हर किसी के जीवन का हिस्सा होती हैं, लेकिन दृढ़ इच्छाशक्ति, अनुशासन और सकारात्मक सोच के साथ हर कठिनाई को अवसर में बदला जा सकता है।

**शिविर** हितग्राहियों को दी गई योजनाओं की जानकारी

## साईखेड़ा नगर के वार्डों में लगे जनकल्याण शिविर

**नवभारत, साईखेड़ा।** केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति के पात्र नागरिकों तक पहुंचाने के उद्देश्य से नगर परिषद साईखेड़ा द्वारा नगर के विभिन्न वार्डों में विशेष जनकल्याण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आयोजित शिविर में बड़ी संख्या में वार्डवासियों ने भाग लेकर शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्राप्त की तथा पात्र हितग्राहियों के आवेदन भी मौके पर ही स्वीकार किए गए। शिविर के दौरान प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना श्रम योगी मानधन योजना सहित अन्य जनहितकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने हितग्राहियों को योजनाओं की पात्रता, आवश्यक दस्तावेज, आवेदन प्रक्रिया तथा मिलने वाले लाभों के संबंध में विस्तार से अवगत कराया। साथ ही पात्र नागरिकों के आवेदन पत्र भरवाकर आवश्यक दस्तावेजों का सत्यापन भी किया गया। अधिकारियों ने बताया कि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत रेहड़ी-पटरी एवं छोटे स्वरोजगार से जुड़े लोगों को आसान ऋण उपलब्ध कराया जाता है, जिससे वे अपने व्यवसाय का विस्तार कर आत्मनिर्भर बन सकें।



### आवश्यक मार्गदर्शन

वहीं श्रम योगी मानधन योजना के माध्यम से असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को 60 वर्ष की आयु के बाद मासिक पेंशन का लाभ प्रदान कर सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित की जाती है। इसके अलावा अन्य योजनाओं के संबंध में भी पात्र हितग्राहियों को आवश्यक मार्गदर्शन दिया गया। शिविर में उपस्थित अधिकारियों ने नागरिकों से अपील की कि जो पात्र व्यक्ति अभी तक किसी योजना का लाभ नहीं ले पाए हैं, वे समय रहते आवेदन करें।

## गौशाला परिसर बना हरियाली का केंद्र



### गौशाला में 150 फलदार पौधे रोपे गए

**नवभारत, गोटेगांव।** ग्राम पंचायत श्रीनगर में पर्यावरण संरक्षण और पोषण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से गौशाला के पास शासकीय भूमि पर पोषण वाटिका बनाई गई है। जनपद पंचायत गोटेगांव के तत्वावधान में इस वाटिका में 150 पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम में CEO सुश्री दीक्षा जैन एवं AEO सुश्री अस्मिता अग्निहोत्री विशेष रूप से उपस्थित रहीं। इस दौरान 10 प्रकार के फलदार पौधों का रोपण किया गया। अधिकारियों ने ग्रामीणों से अपील की कि पौधों की देखभाल कर उन्हें वृक्ष बनाएं, जिससे क्षेत्र हरियाली से भर सके।

### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में काम उपयंत्री कुलदीप विश्वकर्मा, उपयंत्री गुप्ताजी सहम गौरव पट्ठू बेगर, सरपंच प्रेमलाल मेहरा पूर्व सरपंच मीना अग्रवाल, सचिव रीसन सेन, प्रदीप यादव, सखी स्वसहायता समूह की अध्यक्ष शैलजा अग्रवाल, सचिव मीना पांडे, संकुल कन्हैया, जसवंत सिंह पटेल माध्यमिक शाला प्रभारी उमरिया, ग्राम पंचायत के समस्त पंचगण एवं पंचायत कर्मचारियों की विशेष उपस्थिति रही। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे पर्यावरण और स्वास्थ्य दोनों के लिए लाभकारी बताया।